# <u>शोक प्रकाश</u>

माननीय सदस्यगण, झारखण्ड विधान सभा के विगत् सत्र से अब तक की अवधि में हमारे बीच से कई महत्त्वपूर्ण राजनेता, साहित्यकार, उद्योगपति एवं चिकित्सक गुजर गये। केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित, प्रख्यात मजदूर नेता ए0के0 राय और लोक सभा सदस्य रामचन्द्र पासवान, उत्तराखण्ड के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री प्रकाश पंत, दिल्ली विधान सभा के पूर्व सदस्य मांगे राम गर्ग, साहित्यकार एवं पूर्व विधायिका रमणिका गुप्ता, पद्म भूषण स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि, बॉलीवुड अभिनेता, साहित्यकार गिरीश कर्नाड, राँची के प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ0 के0के0 सिन्हा एवं प्रधान महालेखाकार एस0के0एफ0 कुजूर इनमें प्रमुख हैं।

काँग्रेस की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन की दुःखद सूचना से हम मर्माहत हैं। श्रीमती दीक्षित का निधन 81 वर्ष की उम्र में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में 20 जुलाई, 2019 को हो गया। वे 1998 से 2013 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। अपने कार्यकाल में दिल्ली में अनेक फ्लाई ओवरों का निर्माण तथा मेट्रो ट्रेन रेल सेवा का विस्तार करवा कर उन्होंने न केवल यातायात को अवरोधमुक्त करवाया वरन् राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन तथा वृक्षारोपण को प्राथमिकता देकर प्रदूषण के प्रकोप से दिल्ली को मुक्त कराने का सार्थक प्रयास भी किया। दिल्ली को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने में उनकी महती भूमिका को सदा याद किया जाएगा। अपने जीवन काल में वे 1984 में कन्नौज से लोकसभा के लिए भी निर्वाचित हुईं। राजीव गाँधी जी के कार्यकाल में वे केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री भी बनायी गयीं। वर्ष 2014 में इन्हें केरल का राज्यपाल भी नियुक्त किया गया। उनके निधन से राष्ट्रीय राजनीति को एक अपूरणीय क्षति हुई है।

कोयलांचल के प्रख्यात मजदूर नेता और पूर्व लोक सभा सदस्य ए0के0 राय का निधन लम्बी बीमारी के बाद 21 जुलाई, 2019 को हो गया। इनका

जन्म 15 जून, 1935 को पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राजशाही जिले जो अब बंगलादेश में है, में हुआ था। कलकत्ता विश्वविद्यालय से एम0एस0सी0 की शिक्षा पूरी करने वाले राय साम्यवादी विचारधारा के थे। वे 1977, 1980 और 1989 में धनबाद से लोक सभा के लिए चुने गये। वे 1967, 1969 और 1972 में सिंदरी से बिहार विधान सभा के लिए चुने गये। उनकी पहचान एक राजनीतिक संत के रूप में थी। उनका कोई बैंक बैलेंस नहीं था। वे झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी नेताओं में एक थे। पूर्व विधायक और सांसद के रूप में उन्होंने कोई पेंशन नहीं लिया।

बिहार के समस्तीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर निर्वाचित लोक सभा सदस्य रामचन्द्र पासवान के निधन की भी दुःखद सूचना हमें प्राप्त हुई है। इनका निधन भी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 21 जुलाई, 2019 को हो गया। हम उनके निधन की सूचना से मर्माहत हैं।

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मांगे राम गर्ग के भी निधन की सूचना हमें प्राप्त हुई है। 83 वर्ष की उम्र में उनका निधन 21 जुलाई, 2019 को हो गया। वे 2003 में पहली बार दिल्ली विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए थे। वे एक कुशल राजनेता और संगठनकर्त्ता थे। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार दिल्ली की लोक सभा की सभी सात सीटों पर जीत दर्ज की थी।

उत्तराखण्ड के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री प्रकाश पंत का दिनांक 05 जून, 2019 को लम्बी बीमारी के बाद अमेरिका में निधन हो गया। उत्तराखण्ड विधान सभा के वे प्रथम अध्यक्ष भी थे। स्व0 पंत पहली बार 1988 में उत्तर प्रदेश प्रदेश विधान परिषद के सदस्य बने।

बिहार विधान परिषद की दो बार सदस्य एवं 1980 में मांडू विधान सभा क्षेत्र से सदस्य रह चुकी रमणिका गुप्ता का देहांत दिनांक 26 मार्च,

2019 को हो गया। स्व0 गुप्ता को आदिवासी अधिकारों के लिए काम करनेवाली एवं हिन्दी की आधुनिक साहित्यकार के रूप में जाना जाता था।

भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि का दिनांक 25 जून, 2019 को निधन हो गया। स्व0 स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक थे।

मशहूर अभिनेता एवं साहित्यकार गिरीश कर्नाड का निधन दिनांक - 10 जून, 2019 को हो गया। स्व0 कर्नाड को पद्मश्री सम्मान, साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार एवं अन्य कई राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया था।

76 वर्ष की आयु में झारखण्ड के प्रथम प्रधान महालेखाकार एस0के0एफ0 कुजूर का निधन हो गया। स्व0 कुजूर झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके थे।

राँची के प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ0 कृष्णकान्त सिन्हा का दिनांक - 24 अप्रैल, 2019 को देहान्त हो गया। चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी ख्याति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की थी।

सफल पारिवारिक फिल्मों के निर्माता राजकुमार बड़जात्या का निधन दिनांक - 21 फरवरी, 2019 को हो गया।

खगड़िया सदर से दो बार विधायक रहे प्रखर समाजवादी नेता राम बहादुर आजाद का निधन दिनांक - 26 जनवरी, 2019 को हो गया।

पंडित मदन मोहन मालवीय के पौत्र एवं हिन्दी साहित्य के बहुमुखी प्रतिभा के धनी रचनाकार डॉ0 लक्ष्मीधर मालवीय का जापान में दिनांक - 10 मई, 2019 को देहान्त हो गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश करात का निधन दिनांक - 21 अप्रैल, 2019 को हो गया। स्व0 करात लम्बे समय से बीमार चल रहे थे।

झारखण्ड के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी स्टानिस्लास बाड़ा का देहान्त दिनांक - 04 जुलाई, 2019 को हो गया। स्व0 बाड़ा को 1977 में सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी का खिताब मिला था।

कुमार मंगलम बिड़ला के दादा प्रसिद्ध उद्योगपति बसन्त कुमार बिड़ला का निधन दिनांक - 03 जुलाई, 2019 को मुम्बई में हो गया।

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मेजर केतन शर्मा शहीद हो गये। 30 मई, 2019 को ऑपरेशन मेघदूत में शामिल बोकारो के नायक सूबेदार प्रवीण कुमार शहीद हो गये। इसके अतिरिक्त पूणे में दीवार गिरने से 15 व्यक्तियो की, गढ़वा में बस पलटने से पाँच मुसाफिरों की, झारखण्ड में जगह-जगह बज्रपात से 15 व्यक्तियों की, हिमाचल प्रदेश में खाई में बस गिरने से 43 व्यक्तियों की, राजस्थान के बाडमेर में पंडाल गिरने से 14 व्यक्तियों की, चमकी बुखार एवं बिहार में आये भीषण बाढ़ में कई बच्चों एवं व्यक्तियों की तथा चेन्नई में हुई सड़क दुर्घटना में चतरा के कुछ मजदूरों की मृत्यु हो गयी है। सरायकेला-खरसावाँ जिले में हुए नक्सली हमले में पाँच पुलिसकर्मी सहित जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए फिदायीन हमला में सी0आर0पी0एफ0 के 42 जवान शहीद हो गये। हमें चतरा जिले के 9 श्रमिकों के भी तमिलनाडु में दुःखद निधन की सूचना प्राप्त हुई है।

हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे दिवंगत आत्माओं को शान्ति दें और उनके परिजनों को शोक सहन करने की क्षमता दें।

-----